दिनांक: 28.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिन्दूर को आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी नीति और प्रभावी कार्यवाही बताया।

- जल जीवन मिशन को वर्ष 2028 तक बढाया गया– हर घर जल के तहत साढे बारह करोड़ ग्रामीण घरों में नल से पानी की आपूर्ति का लक्ष्य पूरा।

- राज्य में मॉनसून पूरे वेग से सक्रिय–पूर्वी और दक्षिणी–पूर्वी राजस्थान के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।

- प्रदेश में सार्वजनिक सेवा के वाहनों की रियल टाइम निगरानी और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग सिस्टम शुरू।

- दिव्या देशमुख फीडे महिला शतरंज विश्व प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनी।

................

लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा हो रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरूद्ध इस कार्रवाई को भारत की सशक्त, सफल और निर्णायक सैन्य कार्रवाई बताया है। चर्चा की शुरुआत करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर देश की संप्रभुता, भारत की पहचान और नागरिकों के प्रति सरकार के कर्त्तव्य तथा आतंकवाद के विरुद्ध भारत की कडी नीति का एक प्रभावी और निर्णायक प्रदर्शन था।

................

रक्षामंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमलों में अपने प्रियजनों को खोने वाले निर्दोष परिवारों को न्याय दिलाने के लिए शुरू किया गया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और हमारी सरकार का रुख बिल्कुल स्पष्ट है कि आतंकवाद तथा बातचीत साथ–साथ नहीं चल सकते हैं।

इस बीच सेना ने बताया है कि ऑपरेशन महादेव के तहत पहलगाम हमले में शामिल तीनों आतंकवादियों को मार गिराया गया है। जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में हरवान क्षेत्र में सेना और आतंकवादियों के बीच आज ये मुठभेड़ हुई। इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

...............

जल जीवन मिशन को वर्ष 2028 तक बढ़ाया गया है। केन्द्र सरकार ने ये योजना वर्ष 2019 में शुरू की थी। इसका लक्ष्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को घरेलू नल कनेक्शन देना है। जल शक्ति राज्य मंत्री  वी. सोमन्ना ने आज राज्यसभा में ये जानकारी देते हुए बताया कि मिशन के शुरूआत में देश के लगभग 17 प्रतिशत घरों में नल कनेक्शन था जो अब 81 प्रतिशत तक हो गया है। उन्होंने बताया कि **जे.जे.एम.** के **हर घर जल** के तहत देश के 19 करोड़ 36 लाख ग्रामीण घरों में से अब तक करीब साढे 12 करोड़ को नल से पानी की आपूर्ति की जा रही है।

...............

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर कार्य योजना बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि समावेशी विकास के लिए विजन के साथ योजनाबद्ध तरीके से काम करना जरूरी है। श्री शर्मा आज जयपुर में राज्य स्तरीय सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह में बोल रहे थे। श्री शर्मा ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों के आपसी समन्वय पर भी जोर दिया।

...............

श्री शर्मा ने कहा है कि प्रदेश के समावेशी प्रगति के लिए विकसित राजस्थान 2047 विजिन डॉक्यूमेंट तैयार किया जा रहा है। इसमें भविष्य की जरूरतों के हिसाब से लम्बी अवधि की योजनाओं को शामिल किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरू गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना से नवाचारों को बढावा देकर अन्त्योदय के संकल्प को पूरा किया जा रहा है।

नीति आयोग की ओर से निर्धारित 6 संकेतकों में बेहतर क्रियान्वयन के आधार पर करौली जिला को प्रदेश में अग्रणी रहने पर स्वर्ण पदक प्रदान किया गया है। विभिन्न संकेतकों में शत–प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने वाले ब्लॉकों को भी समारोह में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद मुख्यमंत्री दिल्ली पहुंचे। श्री शर्मा ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की।

...............

प्रदेश में संचालित सार्वजनिक सेवा के वाहनों की रियल टाइम निगरानी और यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए **व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग सिस्टम** शुरू किया गया है। उपमुख्यमंत्री प्रेमचन्द बैरवा ने आज जयपुर में **वी.एल.टी.डी.** कमाण्ड सेन्टर का शुभारंभ किया।

...............

राज्य में मॉनसून पूरे वेग से सक्रिय है। मौसम विभाग ने आज कोटा, बारां, सवाई माधोपुर, करौली और भरतपुर में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जयपुर, अजमेर और जोधपुर संभाग में भी कुछ स्थानों पर भारी बारिश का अनुमान है।

...............

बीते 24 घंटों में, पूर्वी राजस्थान के कई भागों में मूसलाधार बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 24 सेमी पानी कोटा जिले के रामगंजमंडी में बरसा। कोटा से हमारे संवाददाता ने बताया कि जल भराव के कारण कई स्थानों पर हालात विकट हो गये हैं और गांवों का मुख्य मार्गों से सम्पर्क कट गया है।

...............

झालावाड़, टोंक, भीलवाड़ा, बारां, प्रतापगढ़ और चित्तौड़गढ़ जिलों के कई हिस्सों में भी भारी बारिश से जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया। **धौलपुर में चम्बल नदी का जल स्तर खतरे के निशान 130 मीटर को पार कर गया है।** प्रदेश के जल स्त्रोत 75 प्रतिशत भर गये हैं। छोटे–बडे 693 बांधों में से 226 बांध लबालब हैं, वहीं 332 आंशिक रूप से भर गये हैं। राज्य में इस मॉनसून में औसत से 89 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है।

...............

आज वर्ल्ड हेपेटाइटिस–डे है। दुनियाभर में हर साल 28 जुलाई को ये दिन लिवर रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। लिवर में सूजन वाले इस रोग को साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। प्रदेश में इस अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम हुए। सवाईमाधोपुर, कोटपूतली–बहरोड़, डूंगरपुर और बांसवाड़ा में रैली और अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से इस रोग की जानकारी दी गई। नेशनल वायरल हेपेटाइटिस कन्ट्रोल प्रोग्राम की राज्य नॉडल अधिकारी डॉ. सुनीता थाकन ने बताया कि समय पर जांच और इलाज से इस रोग के गंभीर परिणामों से बचा जा सकता है।

...............

दिव्या देशमुख फीडे महिला शतरंज विश्व प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। दिव्या ने फाइनल मुकाबले में ग्रेण्ड मास्टर और भारतीय खिलाड़ी कोनेरू हम्पी को हराकर खिताब अपने नाम किया। दिव्या ने महज़ 19 साल की उम्र में ये उपलब्धि हासिल कर इतिहास रच दिया। जार्जिया में खेले गये इस मुकाबले में दिव्याने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टाईब्रेकर में हम्पी को हराकर ये जीत हासिल की। इससे पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच क्लासिकल मुकाबले ड्रॉ रहे।

उधर मकाऊ में खेली गई जूनियर एशिया जूडो चैंपियनशिप में भारत के आराध्य चौपड़ा ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने 90 किलोग्राम भार वर्ग में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए ये पदक हासिल किया।

वर्ल्ड युनिवर्सिटी गेम्स में भारत ने दो स्वर्ण, पांच रजत और पांच कांस्य सहित कुल 12 पदक जीते हैं। जमर्नी में आयोजित इन खेलों में भारतीय दल ने पदक तालिका में 20वें स्थान पर रहते हुए अपना अभियान समाप्त किया। इन खेलों में जापान 34 स्वर्ण पदकों के साथ शीर्ष पर रहा है।

...............

सावन महीने के तीसरे सोमवार पर प्रदेशभर के शिवालयों में आज हर हर महादेव के जयकारे गूंजे। सुबह से ही शिव मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। शिव भक्तों ने जल से लेकर पंचामृत तक अलग–अलग तरीके से भोलेनाथ के अभिषेक किये। पाली के सोजत में महिलाओं ने कांवड यात्रा निकाली। डूंगरपुर के त्रिवेणी संगम बेणेश्वर धाम पर कांवडियों ने विशेष पूजा अर्चना की।

...............